**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

**दिनांक : 16.04.2025** **समय : 0705**

1. **श्रम और रोजगार मंत्रालय ने भोजन का ऑनलाइन ऑडर देने और आपूर्ति करने वाली एक कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।**
2. **नीति आयोग ने बिजली उपकरण क्षेत्र में पच्चीस अरब डॉलर के भारत के निर्यात की रणनीति के बारे में एक रिपोर्ट जारी की।**
3. **युवा संसद–दो हजार पच्चीस में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने वाली तीन छात्राओं ने उपराज्यपाल से मुलाकात की।**
4. **श्री विजयपुरम में पांच दिवसीय निःशुल्क प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक शिविर आयोजित किया गया।**

<><><><><><><>

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने नई दिल्ली में भोजन का ऑनलाइन ऑडर देने और आपूर्ति करने वाली एक कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल के माध्यम से समान की डिलीवरी के क्षेत्रो में रोजगार के अवसर बढाना है। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल देश भर में नौकरी चाहने वालों और नौकरी देने वालों को जोड़ने वाला मंच है। उन्होंने कहा कि यह मंच कार्यबल जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस वर्ष इक्कतीस जनवरी तक इस पोर्टल में सवा करोड़ से अधिक नौकरी के आवेदक और चालीस लाख पंजीकृत नियोक्ता दर्ज किए गए हैं। डॉ. मांडविया ने बताया कि यह साझेदारी तेजी से बढ़ती अंशकालिक नौकरियों और प्लेटफार्म अर्थव्यवस्था में पोर्टल की पहुंच बढ़ाएगी, जिससे लाखों युवाओं को स्थान–आधारित रोजगार के अवसर मिलेंगे।

<><><><><><><>

नीति आयोग ने कल बिजली उपकरण क्षेत्र में पच्चीस अरब डॉलर के भारत के निर्यात की रणनीति के बारे में नीति आयोग की रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट का उद्देश्य भारत के बिजली उपकरण क्षेत्र की बढ़ते वर्चस्व को उजागर करना है। रिपोर्ट में भारतीय निर्माताओं के लिए बिजली उपकरण के बढ़ते बाजार में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल करने की क्षमताका भी उल्लेख किया गया है। इसके अलावा, रिपोर्ट में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजारों में भारतीय उत्पादों की पहुंच बनाने के उपायों का भी उल्लेख है। इस अवसर पर श्री सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत में पारस्परिक शुल्कों के साथ, हाथ और बिजली से चलने वाले उपकरण बाजार पर हावी होने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि देश अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और श्रम आधारित है और इस क्षेत्र में भविष्य में तीस लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

<><><><><><><>

देश के सबसे नवोन्मेषी गेम डेवलपर्स ने रोड टू–गेम जैम के शीर्ष दस गेमों की घोषणा के साथ ही सुर्खियों में अपनी जगह बना ली है। यह भारत सरकार के विश्व ऑडियो–विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स के अंतर्गत क्रिएट इन इंडिया चैलेंजः सीजन वन का मुख्य आकर्षण है। "रोड टू गेम जैम" भारत के गेम डेवलपर्स के लिए अपनी रचनात्मकता और नवीनता दिखाने का एक रोमांचक अवसर है। गेम डेवलपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा के जी ई एन–क्रेटोस गेमर नेटवर्क के सहयोग से आयोजित यह पहल एनीमेशन, विजुअल इफ़ेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स, साथ ही वर्चुअल रियलिटी और मेटावर्स पर केंद्रित है। इस पहल का उद्देश्य उभरती प्रतिभाओं को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करके रचनात्मकता को बढ़ावा देना, सहयोग को प्रोत्साहित करना और भारत के बढ़ते गेमिंग उद्योग के विकास के इको–सिस्टम को मजबूत करना है। एक सौ पचहत्तर से अधिक टीमों ने मूल गेम प्रस्तुत किए, जिनमें से प्रत्येक का गेमिंग उद्योग के अनुभवी पेशेवरों की ज्यूरी द्वारा मूल्यांकन किया गया। रोड टू गेम जैम के माध्यम से चुने गए अंतिम शीर्ष दस गेम, मुम्बई में होने वाले वेव्स सम्मेलन में प्रदर्शित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में हाल ही में हुए राष्ट्रीय स्तर की युवा संसद–दो हजार पच्चीस में अंडमान निकोबार का प्रतिनिधित्व करने वाली तीन छात्राओं ने कल उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से राजनिवास में मुलाकात की। छात्रों के साथ अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी वी एन सरमा भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान उपराज्यपाल ने छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। अपने दौरे के दौरान छात्रों ने एक राष्ट्र एक चुनाव, चुनावी व्यवहार और मतदाता मनोविज्ञान पर प्रभाव और वर्तमान कृषि प्रणालियों को विनियमित करने की पहल पर उच्च स्तरीय चर्चाओं में भाग लिया। युवा संसद का उद्देश्य युवाओं को राजनीति और सार्वजनिक नीति से जोड़ना था।

<><><><><><><>

हैदराबाद का केंद्रीय हिंदी शिक्षा संस्थान और जी.एस.एस., जंगलीघाट छब्बीस अप्रैल तक, श्री विजयपुरम में दस दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम में नौ शैक्षिक क्षेत्रों से कुल उन्नचास प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यशाला में क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें योग्यता आधारित शिक्षण परिणाम और जी.टी.टी. (हिंदी) के लिए एन.सी.एफ. 2023 पर आधारित पाठ्यक्रम का नवीनीकरण शामिल है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के रोटरी क्लब और महावीर सेवा सदन के सहयोग से द्वीपसमूह के समग्र क्षेत्रीय केंद्र की ओर से पांच दिवसीय निःशुल्क प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक शिविर का हाल ही में समापन हो गया। यह शिविर सभी के लिए समावेशिता और गतिशीलता के सी आर सी के दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समापन समारोह में मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने पांच दिवसीय शिविर के आयोजन में शामिल पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्थायी भवन स्थापित हो जाने के बाद क्षेत्र में दिव्यांगजनों के लिए स्थायी पुनर्वास सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। इस शिविर के दौरान महावीर सेवा सदन के वरिष्ठ प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक टेकनिशियन्स द्वारा दिव्यांगजनों के लिए विशेष सेवा प्रदान की गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय चेन्नई में स्नातक कार्यक्रमों में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए आरक्षित सात सीटों के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा। परीक्षा सत्रह मई को सुबह दस बजे से डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित किया जाएगा। परीक्षा के लिए सत्रह से पच्चीस वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवार का बारहवीं के साथ भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित में से किसी भी परीक्षा में साठ प्रतिशत अंक के साथ पास होना अनिवार्य है। आवेदन फार्म आज से जारी किए जाएंगे। आवेदन नौ मई शाम तीन बजे तक जमा किए जा सकते हैं। हॉल टिकट तेरह से पन्द्रह मई के बीच शाम चार बजे तक जारी किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार समुद्री अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से आज ''तनाव और चिंता–लक्षण और उपचार'' विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। न्यूरो साइकियाट्रिस्ट डॉ. मितेश बिहारी विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे। कार्यक्रम शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>